दिन– गुरूवार दिनांक– 29/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले पच्चीस वर्ष महत्वपूर्ण होंगे।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान समस्तीपुर में आठ सौ सत्ताईस करोड़ रूपये की एक सौ अट्ठासी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

04. और, राज्य सरकार ने नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए डीपीआर बनाने को सहमति दी। कैबिनेट की बैठक में हुआ निर्णय।

---

वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने आज लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण–दो हजार पच्चीस–छब्बीस पेश किया। सर्वेक्षण में देश का सकल घरेलू उत्पाद का वृद्धि दर बढ़कर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान जताया गया है। सेवा क्षेत्र में नौ दशमलव एक प्रतिशत की दर से वृद्धि का अनुमान है। सर्वेक्षण में एआई के लिए एक अलग चैप्टर रखा गया है।

–––बाइट–––

इसके बाद सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गई। पहली फरवरी रविवार को केन्द्रीय बजट दो हजार छब्बीस–सत्ताईस पेश किया जाएगा। बजट सत्र का पहला चरण तेरह फरवरी तक चलेगा।

---

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्तीय वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस में वृद्धि दर को मजबूत गति से बनाये रखा है। एक रिपोर्ट...

–––रिपोर्ट–––

आर्थिक सर्वेक्षण के अनुसार, भारतीय अर्थव्यवस्था ने वित्त वर्ष 2025–26 में वृद्धि की मजबूत गति को बनाए रखा है। पहले अग्रिम अनुमानों के अनुसार, वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान है, जिसमें घरेलू मांग का महत्वपूर्ण योगदान है। निजी उपभोग और पूंजी निर्माण से वृद्धि को समर्थन मिल रहा है, जबकि आपूर्ति पक्ष में सेवाओं का योगदान प्रमुख बना हुआ है। विनिर्माण गतिविधि मजबूत हुई है और कृषि क्षेत्र ने स्थिरता प्रदान की है। सर्वेक्षण में कहा गया है कि भू–राजनीतिक तनाव और प्रमुख

अर्थव्यवस्थाओं में व्यापार व्यवधानों के कारण वैश्विक आर्थिक माहौल अनिश्चित बना हुआ है। हालांकि निकट भविष्य में वैश्विक आर्थिक गतिविधियों में प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच भी स्थिरता दिखी है। लेकिन अंतर्निहित कमजोरियां बनी हुई हैं, जिनमें उच्च राजकोषीय दबाव, खंडित आपूर्ति श्रृंखलाएं और रणनीतिक उद्देश्यों के लिए आर्थिक नीतिगत साधनों पर बढ़ती निर्भरता शामिल हैं। सर्वेक्षण में कहा गया है कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित कुल महंगाई दर घटकर एक दशमलव सात प्रतिशत रह गई है, जिसका मुख्य कारण सब्जियों और दालों की कीमतों में सुधार रहा है। सर्वेक्षण के अनुसार, मुद्रास्फीति की स्थिति अनुकूल बने रहने का अनुमान है। आनंद और भूपेंद्र की रिपोर्ट के साथ समाचार कक्ष से प्रियंका अरोड़ा।

---

इधर, बिहार विधानमंडल का बजट सत्र दो फरवरी से शुरू हो रहा है। वित्त मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव तीन फरवरी को राज्य का बजट पेश करेंगे। इधर, विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने सत्र के सुचारू संचालन और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए आज सर्वदलीय बैठक की। बैठक में विभिन्न दलों के वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत–यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार समझौते से एक नया बाजार खुल गया है और देश के निर्माताओं को इसका लाभ उठाना चाहिए। श्री मोदी ने बजट सत्र के दूसरे दिन आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन परिसर में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए यह बात कही।

–––बाइट–––

जब बाजार खुल गया है तो उत्तम से उत्तम क्वालिटी लेकर के बाजार में जाएं और अगर उत्तम से उत्तम क्वालिटी लेकर के जाते हैं तो हम यूरोपीय यूनियन के 27 देशों के खरीदारों के दिल जीत लेते हैं। दशकों तक उसका प्रभाव रहता है। कंपनियों का ब्रांड देश के ब्रांड के साथ नए गौरव को प्रस्थापित कर देता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले पच्चीस वर्ष महत्वपूर्ण होंगे। श्री मोदी ने कहा कि भारत का लोकतंत्र और जनसंख्या विश्व के लिए आशा की किरण हैं और अब देश आकर्षण का केंद्र बन गया है।

–––बाइट–––

भारत की डेमोक्रेसी और भारत के डेमोग्राफी आज दुनिया के लिए बहुत बड़ी उम्मीद है। सब इस लोकतंत्र के मंदिर में हम विश्व समुदाय को भी कोई संदेश दें, हमारे सामर्थ्य का, हमारे लोकतंत्र के प्रति समर्पण का, लोकतंत्र की प्रक्रिया के द्वारा हुए निर्णयों का सम्मान करने का ये अवसर है और विश्व इसको जरूर स्वागत भी करता है, स्वीकार भी करता है।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान समस्तीपुर जिले में आठ सौ सत्ताईस करोड़ रूपये लागत वाली एक सौ अट्ठासी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। श्री कुमार ने जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित बिहार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर क्षेत्र में कार्य किये

जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सात निश्चय–तीन के तहत शामिल तमाम बिंदुओं पर तीव्रगति से काम हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों के साथ जिले में चल रही विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की।

———बाइट———

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी और सांसद संजय झा समेत कई जन प्रतिनिधि मौजूद रहे।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में आज राज्य कैबिनेट की बैठक में कुल बत्तीस प्रस्तावों को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए कैबिनेट सचिवालय विभाग के सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने बताया है कि सात निश्चय–तीन के अंतर्गत राज्य में नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए डीपीआर तैयार करने से संबंधित प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी है। कैबिनेट ने एक अन्य फैसले में सेमी कन्डक्टर पॉलिसी दो हजार छब्बीस को भी स्वीकृति प्रदान की है।

———बाइट———

---

नई दिल्ली में विजय चौक पर आज बीटिंग रिट्रीट समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन सतत्तरवें गणतंत्र दिवस समारोह के समापन का प्रतिक है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत केंद्रीय मंत्रिमंडल के कई सदस्य समारोह में शामिल हुए। इस दौरान भारतीय सेवा, नौ सेना, वायु सेना और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के बैंड ने शानदार प्रस्तुति दी।

———म्यूजिक——

---

सर्वोच्च न्यायालय ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग– यूजीसी के उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता सर्वधन नियम–दो हजार छब्बीस को स्थगित करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने नियमों पर कुछ आपत्तियां व्यक्त की है। न्यायालय ने सुझाव दिया कि प्रतिष्ठित न्यायविदों की एक समिति द्वारा नियमों की समीक्षा की जाए। भारत

के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ मामले की सुनवाई कर रही थी। न्यायालय ने आदेश दिया कि इस बीच दो हजार बारह के यूजीसी विनियम लागू रहेंगे। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि न्यायालय के आदेश का सम्मान किया जाएगा।

———बाइट———

निगरानी विभाग की टीम ने बक्सर जिले के ब्रहमपुर प्रखंड के शिक्षा पदाधिकारी लखी नारायण को दस हजार रुपये घूस लेते गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अधिकारी के खिलाफ शिक्षकों से नाजायज वसूली की शिकायत की जांच के बाद कार्रवाई की गयी है।

पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से राज्य के अधिकतर भागों में हल्की बूंदाबांदी के बाद ठंड में बढ़ोतरी दर्ज की गयी है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर स्थानों पर अधिकतम तापामन में एक से दो डिग्री सेल्सियस की कमी हुई है। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले दो दिनों तक तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। विभाग ने इस दौरान पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, शिवहर, सीतामढ़ी और मधुबनी जिले में एक–दो स्थानों पर घने कोहरे की संभावना को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

———बाइट———

अब खेल की खबरें...

खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार पदक लाओ, नौकरी पाओ योजना को प्राथमिकता के आधार पर लागू कर रही है। सुश्री सिंह ने औरंगाबाद में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि योजना के तहत पिछले वर्ष इकहत्तर खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी दी गयी। उन्होंने कहा कि इस योजना से राज्य के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिला है और वे आगे बड़े खेल आयोजन में देश और प्रदेश के लिए कई पदक जीतेंगे।

———बाइट———

इधर, बेगूसराय की आराध्या कुमारी का चयन राष्ट्रीय सब–जूनियर खो–खो प्रतियोगिता के लिए बिहार टीम में हुआ है। आराध्या इकतीस जनवरी से चार फरवरी तक हरियाणा में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

---

पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय का पांचवां दीक्षांत समारोह पटना के श्रीकृष्ण मेमोरियल हॉल में आयोजित किया गया। समारोह में विभिन्न संकायों में सर्वोत्तम प्रदर्शन करने वाले बाईस छात्राओं समेत इकतीस विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल प्रदान किया गया।

---

उर्दू निदेशालय, मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के तत्वावधान में आज पटना के हिन्दी भवन में शाद अजीमाबादी स्मृति समारोह का आयोजन किया गया। इसके तहत बज्म–ए–सुखन मुशायरे का आयोजन किया गया।

---

कटिहार रेलवे स्टेशन समेत रेल मंडल के कई स्टेशनों पर यात्री सुरक्षा को बेहतर बनाने के लिए आरपीएफ जवानों को सेगवे दिया गया है। इसके सहयोग से जवान हाईटेक पेट्रोलिंग कर पायेंगे।

---

शेखपुरा के पुलिस अधीक्षक बलिराम कुमार चौधरी ने केवटी थाना परिसर में आयोजित पुलिस–पब्लिक संवाद में शामिल होकर आम लोगों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने अधिकारियों को त्वरित समाधान का निर्देश दिया।

---

शिवहर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में संचालित किये जा रहे मध्यस्थता अभियान–टू प्वाईंट ओ को लेकर जागरूकता वाहन को रवाना किया गया। न्यायिक अधिकारियों ने वाहन को हरी झंडी दिखाई।

---

अरवल जिले में केंद्रीय संचार ब्यूरो और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रसार इकाई द्वारा दो दिवसीय विकसित भारत दो हजार सैंतालीस विषय पर ऑउटरिच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुर्था विधायक पप्पू वर्मा और क्षेत्रीय प्रसार अधिकारी प्रकाश कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

---

सुपौल जिले के आर.एस.एम पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा माह के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र–छात्राओं को प्राथमिक उपचार और सीपीआर का प्रशिक्षण दिया गया।

---

खगड़िया पुलिस और एसटीएफ ने बेलदौर थाना क्षेत्र के माली में संयुक्त कार्रवाई कर पचास हजार का ईनामी अपराधी मुन्ना कुमार यादव उर्फ मुन्ना माईकल को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, जिले के मानसी थाना क्षेत्र के सैदपुर से पुलिस, डीआईयू और एसटीएफ की टीम ने पच्चीस हजार के ईनामी अपराधी रणवीर यादव को गिरफ्तार कर लिया है।

---

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी–एनसीपी प्रमुख अजित पवार का अंतिम संस्कार आज पुणे जिले के बारामती में पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया गया। बेटे पर्थ पवार और जय पवार ने पिता को मुखाग्नि दी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह समेत केंद्र और राज्य के कई वरिष्ठ नेता अंतिम संस्कार में उपस्थित थे। अजित पवार का कल सुबह बारामती में विमान हादसे में निधन हो गया था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने लोकसभा में आर्थिक सर्वेक्षण पेश किया। जीडीपी वृद्धि दर सात दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान।

02. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने के लिए अगले पच्चीस वर्ष महत्वपूर्ण होंगे।

03. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने समृद्धि यात्रा के दौरान समस्तीपुर में आठ सौ सत्ताईस करोड़ रूपये की एक सौ अट्ठासी विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

04. और, राज्य सरकार ने नई चीनी मिलों की स्थापना के लिए डीपीआर बनाने को सहमति दी। कैबिनेट की बैठक में हुआ निर्णय।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।